2 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए : 1×7=7

(i) खेत की तुलना ________ की गयी है।
(कागज़ के पन्ने से / मैदान से / पर्वत से)

(ii) यशोधर बाबू ने दफ्तर से लौटते हुए रोज ________ जाने की रीति बनाई।
(सांई मन्दिर / बिड़ला मन्दिर / सोमनाथ मन्दिर)

(iii) जिस वाक्य में एक उद्देश्य तथा एक विधेय होता है, उसे ________ कहते हैं।
(सरल वाक्य / मिश्र वाक्य / संयुक्त वाक्य)

(iv) जिन छन्दों में मात्राएँ गिनी जाती हैं उन्हें ________ छन्द कहते हैं।
(वर्णिक / मात्रिक / मुक्त)

(v) संवाद लिखते समय ________ गायब हो जाता है। (लेखक / पाठक / श्रोता)

(vi) लुट्टन के माता–पिता उसे ________ में ही अनाथ बनाकर चले गए थे।
(नौ वर्ष की उम्र / सात वर्ष की उम्र / पाँच वर्ष की उम्र)

(vii) ________ रीतिकाल में वीर रस के कवि हुए । (बिहारी / भूषण / मतिराम)

3 सही जोड़ी बनाइए : 1×6=6

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग | (अ) जयशंकर प्रसाद |
| (ii) छायावाद के प्रवर्तक कवि | (ब) भक्तिकाल |
| (iii) मस्ती का सन्देश | (स) 16 मात्राएँ |
| (iv) चौपाई छन्द | (द) हरिवंशराय बच्चन |
| (v) चित्रकार | (इ) अखबार की अपनी आवाज़ |
| (vi) सम्पादकीय पृष्ठ | (ई) चितेरा |

4 एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(i) सोरठा छन्द मात्राओं की दृष्टि से किस छन्द का उल्टा होता है?

(ii) ऐसा लघु वाक्यांश जिसके प्रयोग से भाषा में सौंदर्य उत्पन्न होता है, क्या कहलाता है?

(iii) रेडियो नाटकों में पात्रों की पहचान किसके माध्यम से होती है?

(iv) सिन्धु–घाटी सभ्यता में कौन–कौन से फल उगाए जाते थे?

(v) किसकी आवाज़ मृत–गाँव में संजीवनी शक्ति भरती रहती थी?

(vi) 'चन्द्रगुप्त' किसकी नाट्य रचना है?

(vii) कवि ने स्लेट पर क्या मलने की बात कही है?



https://www.mpboardonline.com

